**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

**दुर्ग, दिनांक : 11/10/2025**

**// प्रेस विज्ञप्ति//**

# गर्ल्स कॉलेज में हिन्दी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा ''हिन्दी साहित्य के मध्यकालीन काव्य की उपयोगिता'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उन्होनें कहा कि ''हिन्दी साहित्य का मध्यकालीन काव्य'' के कवियों ने अपनी रचनाओं में लोक कल्याण की भावना को अत्यधिक महत्व दिया है, लोक कल्याण की भावना के अंतर्गत धर्म, जाति, सम्प्रदाय आदि की खाइयों को मिटाकर परस्पर मानवता व भाईचारा का संबंध निभाने का संदेश दिया। हिन्दी में विश्व प्रसिद्ध साहित्य उपलब्ध है जो हमारी अनमोल धरोहर है।

मुख्य वक्ता डॉ. आशा दीवान ने ''हिन्दी साहित्य के मध्यकालीन काव्य की उपयोगिता'' विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस काल के कवियों का सर्वप्रथम उद्देश्य तत्कालीन सामाजिक विषमता व विडम्बना को समाप्त कर सुव्यवस्थित समाज की स्थापना करना रहा है। विश्व प्रसिद्ध साहित्य सूरदास का सूरसागर, तुलसीदास का रामचरितमानस, कबीर का बीजक, मलिक मो. जायसी का पद्मावत एवं केशवदास का रामचन्द्रिका आदि ने मानवता व एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर हिन्दी स्नातकोत्तर की छात्राओं की विषय से संबंधित समस्याओं का अतिथि वक्ता ने समाधान किया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव व आभार परिषद प्रभारी श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

**टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# गर्ल्स कॉलेज में हिन्दी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन





